**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 06.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रदेश में तैंतालीस आईएएस अधिकारियों के प्रभार में किया गया फेरबदल–सात जिलों के कलेक्टर भी बदले गए।**
- **नई श्रम संहिताओं के तहत श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच की राष्ट्रव्यापी पहल का कल होगा शुभारंभ।**
- **प्रदेश में किसानों के लिए अनुदान पर कृषि यंत्रों और सिंचाई उपकरणों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरू होगी।**
- **प्रदेश की ग्राम पंचायतों में कल चावल महोत्सव, रोजगार और आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा।**

**आईएएस/कलेक्टर–तबादला**

प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के तैंतालीस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। इनमें सात जिलों के कलेक्टर भी बदले गए हैं। जारी आदेश के अनुसार पुष्पा साहू को कोरिया, संतोष कुमार देवांगन को गौरला–पेण्ड्रा–मरवाही, चंदन संजय त्रिपाठी को बलरामपुर–रामानुजगंज, संतन देवी जांगड़े को मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, पद्मिनी भोई साहू को सारंगढ़–बिलाईगढ़, रेना जमील को सूरजपुर और विश्वदीप को बीजापुर जिले का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, परदेशी सिद्धार्थ कोमल को कृषि उत्पादन आयुक्त बनाया गया है। श्यामलाल धावड़े को रायपुर संभाग का आयुक्त बनाया गया है। डॉक्टर संजय कन्नौजे को संस्कृति विभाग का संचालक और रीता यादव को माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव का प्रभार सौंपा गया है।

**निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच**

नई श्रम संहिताओं के तहत चालीस वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए अनिवार्य और निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच की राष्ट्रव्यापी पहल का शुभारंभ कल सात मई को किया जाएगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया इस कार्यक्रम की शुरुआत नई दिल्ली से करेंगे। इस अवसर पर देशभर के विभिन्न हिस्सों में स्थित ग्यारह प्रमुख ईएसआई अस्पतालों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित ईएसआई अस्पताल, रावाभाटा में राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य के श्रम विभाग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल होंगे। आयोजन के माध्यम से प्रदेश के हजारों बीमित श्रमिकों को इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री–पेयजल समस्या**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा जिले के चेराजोबला बस्ती में पेयजल समस्या से संबंधित समाचार को संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत को फोन कर प्रभावित बस्ती में जल्द पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की नियमित समीक्षा की जाए।

**धमधा नगर पालिका**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने धमधा नगर पंचायत का उन्नयन कर नगर पालिका बनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इससे धमधा के सुव्यवस्थित विकास और जनसुविधाएं विकसित करने के कामों को और अधिक गति मिलेगी। श्री साव ने अपने धमधा प्रवास के दौरान करीब सात करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

**राज्यपाल–टीबी मरीज**

राज्यपाल रमेन डेका ने कोंडागांव में आयोजित राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पांच मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत चिखलपुट्टी, किवईबालेंगा और मालाकोट को टीबी मुक्त घोषित किए जाने पर संबंधित ग्राम सरपंचों को प्रमाण–पत्र भी प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, रेडक्रॉस सोसायटी के नये सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र और राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत चश्मे भी वितरित किए गए।

**मुख्य सचिव–कैम्पा**

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में छत्तीसगढ़ प्रतिकात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण–कैम्पा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछले दो वित्तीय वर्ष के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को वन क्षेत्रों में पुल–पुलिया, सड़क और जरूरी भवनों के निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देष दिए। उन्होंने नक्सल मुक्त क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास कार्य तेज करने पर जोर दिया।

**कृषि अनुदान–आवेदन**

प्रदेश में किसानों के लिए अनुदान पर कृषि यंत्रों और सिंचाई उपकरणों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया कल सात मई से शुरू होगी। छत्तीसगढ़ राज्य बीज और कृषि विकास निगम के अनुसार, चेम्प्स पोर्टल के माध्यम से किसान आवेदन कर सकेंगे। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप और स्प्रिंकलर के लिए आवेदन कल से, शाकंभरी योजना के तहत सिंचाई पंपों के लिए ग्यारह मई से और ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, रोटावेटर सहित अन्य कृषि यंत्रों के लिए आवेदन पंद्रह मई से लिए जाएंगे। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक और भूमि दस्तावेज जरूरी होंगे।

**कृषि विवि–प्रतिनिधिमंडल दौरा**

उज्बेकिस्तान के बुखारा और समरकंद का प्रतिनिधिमंडल कल से रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के दो दिवसीय दौरे पर रहेगा। इस दौरान "भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय शैक्षणिक, अनुसंधान और तकनीकी सहयोग सुदृढ़ीकरण" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। इस संगोष्ठी का उद्देश्य दोनों देशों के बीच शैक्षणिक संबंधों को और मजबूत बनाने के साथ ही कृषि मृदा विज्ञान, फसल मूल्य श्रृंखला, जैव प्रौद्योगिकी प्रोसेसिंग और तकनीकी सहयोग के क्षेत्रों में नए सहयोगात्मक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करना है।

**चावल महोत्सव–आवास दिवस**

प्रदेश की ग्राम पंचायतों में कल एक साथ चावल महोत्सव, रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। रोजगार दिवस पर कल ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्यों की समीक्षा की जाएगी और रोजगार के नए अवसरों पर कार्ययोजना बनाई जाएगी। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित मामलों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाएगा। शासन का लक्ष्य स्वीकृत आवासों को आगामी नब्बे दिनों के भीतर पूर्ण कराना है। इसके अलावा जल संरक्षण के लिए "मोर गांव– मोर पानी– मोर तरिया" अभियान के तहत "नवा तरिया आय के जरिया" थीम पर विशेष चर्चा और कार्य होंगे।

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

देशभर सहित छत्तीसगढ़ में आगामी नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान न्यायालय में लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। वहीं, इक्कीस से तेईस अगस्त के बीच सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत के माध्यम से भी लंबित मामलों पर सुनवाई की जाएगी। पक्षकारों को अपने लंबित मामलों को विशेष लोक अदालत में शामिल करने के लिए जानकारी सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाईट पर इकतीस मई तक गुगल फॉर्म में देना होगा। अधिक जानकारी के लिए बार रूम के वन स्टाप सेंटर या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

**मुख्यमंत्री–फुलबासन बाई**

पद्मश्री और वरिष्ठ समाजसेवी फुलबासन यादव के साथ हुई अपहरण की घटना को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने आज सुबह दूरभाष पर फुलबासन यादव से चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना और घटना की जानकारी ली। श्री साय ने आश्वस्त किया कि इस मामले के हर पहलू की जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, राजनांदगांव की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इस मामले में दो महिलाओं सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**गोलीकांड**

राजधानी रायपुर के मोवा क्षेत्र में बीती रात एक युवक ने दो युवतियों पर गोली चला दी। इस घटना में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरी युवती ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना को पारिवारिक विवाद के चलते अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवतियां आपस में बहनें थीं और आरोपी उनका जीजा है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार–01**

– उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव कल नवा रायपुर में राष्ट्रीय राजमार्गों और सेतु निर्माण के कार्यों के साथ ही विद्युत तथा यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। वहीं, परसों आठ मई को प्रदेश के सभी संभागों में सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

– वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज बीजापुर जिले के तर्रेम गांव में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का वर्चुअल उद्घाटन किया।

– समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, केंद्रीय मत्स्य पालन विभाग और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड की ओर से कल रायपुर में चिंतन षिविर का आयोजन किया जाएगा। षिविर का उद्घाटन कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे।

– फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासकीय नौकरी प्राप्त करने के मामले में बलरामपुर के जिला शिक्षा अधिकारी ने कोल्हुआ प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक लालमन सिंह को निलंबित कर दिया है।

– कोंडागांव जिले में पूसपाल गांव के पास बारातियों से भरा एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए हैं।

– मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में कुवारपुर वन परिक्षेत्र के डोंगरी टोला गांव में तेंदुए ने घर के बाहर सो रहे एक बुजुर्ग पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**संक्षिप्त समाचार–02**

– बलौदाबाजार जिले में आज भाटापारा स्थित मुख्य शाखा नहर में नहाने के दौरान तीन बच्चे बह गए। इनमें से एक ही मौत हो गई। वहीं, दूसरे बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि, एक अन्य बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

– राजधानी रायपुर के खरोरा क्षेत्र में बीती रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने एक ज्वेलरी दुकान के प्रबंधक पर हमला कर करीब एक करोड़ रूपये के जेवर लूट लिए।

– जांजगीर–चाम्पा जिले के खरौद स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने ''छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन'' का आयोजन किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>